Series : W1XZY

SET ~ 4

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **465**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# व्यावहारिक गणित

# APPLIED MATHEMATICS

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

**नोट**

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं ।

(II) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **38** प्रश्न हैं ।

(III) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

**NOTE**

(I) Please check that this question paper contains **23** printed pages.

(II) Please check that this question paper contains **38** questions.

(III) Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(IV) **Please write down the serial number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**

(V) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. ~

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :**

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **38** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii)* *यह प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – **क, ख, ग, घ** एवं **ङ** ।*

*(iii)* *खण्ड – **क** में प्रश्न संख्या **1** से **18** तक बहुविकल्पीय तथा प्रश्न संख्या **19** एवं **20** अभिकथन एवं तर्क आधारित **1** अंक के प्रश्न हैं ।*

*(iv)* *खण्ड – **ख** में प्रश्न संख्या **21** से **25** तक अति लघु-उत्तरीय (VSA) प्रकार के **2** अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(v)* *खण्ड – **ग** में प्रश्न संख्या **26** से **31** तक लघु-उत्तरीय (SA) प्रकार के **3** अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(vi)* *खण्ड – **घ** में प्रश्न संख्या **32** से **35** तक दीर्घ-उत्तरीय (LA) प्रकार के **5** अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(vii)* *खण्ड – **ङ** में प्रश्न संख्या **36** से **38** प्रकरण अध्ययन आधारित **4** अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(viii)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है । यद्यपि, खण्ड – **ख** के **2** प्रश्नों में, खण्ड – **ग** के **2** प्रश्नों में, खण्ड – **घ** के **2** प्रश्नों में तथा खण्ड-**ङ** के **3** प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है ।*

*(ix)* *कैल्कुलेटर का उपयोग **वर्जित** है ।*

## खण्ड – क

इस खण्ड में बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक **1** अंक का है ।
(प्रश्न सं. **1** से **18** में सही विकल्प चुनिए ।)

1. $-41 \bmod 9$ बराबर है :

(A) 5 (B) 4
(C) 3 (D) 0

2. यदि $a > b$ तथा $c < 0$ है, तो निम्न में से कौनसा सही है ?

(A) $a + c < b + c$ (B) $a - c < b - c$
(C) $a c > b c$ (D) $a - c > b + c$

**General Instructions :**

**Read the following instructions very carefully and strictly follow them :**

*(i)* *This question paper contains **38** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *This question paper is divided into **five** Sections – Section **A, B, C, D** and **E**.*

*(iii)* *In Section – **A**, Questions Number **1** to **18** are Multiple Choice Questions (MCQs) and questions Number **19** & **20** are Assertion-Reason based questions of **1** mark each.*

*(iv)* *In Section – **B**, Questions Number **21** to **25** are Very Short Answer (VSA) type questions, carrying **2** marks each.*

*(v)* *In Section – **C**, Questions Number **26** to **31** are Short Answer (SA) type questions, carrying **3** marks each.*

*(vi)* *In Section – **D**, Questions Number **32** to **35** are Long Answer (LA) type questions, carrying **5** marks each.*

*(vii)* *In Section – **E**, Questions Number **36** to **38** are case study based questions, carrying **4** marks each.*

*(viii)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in **2** questions in Section – **B**, **2** questions in Section – **C**, 2 questions in Section – **D** and **3** questions in Section – **E**.*

*(ix)* *Use of calculators is **NOT** allowed.*

## SECTION – A

This section comprises of Multiple Choice Questions (MCQs) of **1** mark each. Select the correct option (Question 1 to Question 18) :

1. $-41 \bmod 9$ is

(A) 5 (B) 4

(C) 3 (D) 0

2. If $a > b$ and $c < 0$, then which of the following is true ?

(A) $a + c < b + c$ (B) $a - c < b - c$

(C) $a c > b c$ (D) $a - c > b + c$

3. यदि A तथा B समान कोटि के सममित आव्यूह हैं, तो $(AB' - BA')$ एक

(A) सममित आव्यूह है
(B) शून्य आव्यूह है
(C) विकर्ण आव्यूह है
(D) विषम-सममित आव्यूह है

4. आव्यूह $A = \begin{bmatrix} 4 & -1 \\ 2 & 1 \end{bmatrix}$ का व्युत्क्रम है :

(A) $\frac{1}{6}\begin{bmatrix} -4 & 2 \\ -1 & -1 \end{bmatrix}$
(B) $\begin{bmatrix} 1/3 & 1/6 \\ 2/3 & -1/6 \end{bmatrix}$
(C) $\begin{bmatrix} 1/6 & 1/6 \\ -1/3 & 2/3 \end{bmatrix}$
(D) $\begin{bmatrix} -2/3 & 1/6 \\ -1/3 & -1/6 \end{bmatrix}$

5. यदि $\begin{vmatrix} 2x & 5 \\ 4 & x \end{vmatrix} = \begin{vmatrix} 3 & 5 \\ 4 & 6 \end{vmatrix}$ है, तो $x$ का मान है :

(A) $3/2$
(B) 6
(C) 3
(D) $\pm 3$

6. $x = 6$ पर वक्र $y = \frac{x-3}{x-4}$ के अभिलंब की प्रवणता है :

(A) 4
(B) $-\frac{1}{4}$
(C) $-4$
(D) $\frac{1}{4}$

7. समय (t) के सापेक्ष जनसंख्या P(t) में परिवर्तन की दर, जहाँ $\alpha$ तथा $\beta$ क्रमशः स्थिर जन्म और मृत्यु दर हैं, है :

(A) $\frac{dP}{dt} = (\alpha + \beta)P$
(B) $\frac{dP}{dt} = (\alpha - \beta)P$
(C) $\frac{dP}{dt} = \frac{\alpha + \beta}{P}$
(D) $\frac{dP}{dt} = \frac{\alpha - \beta}{P}$



~

3. If A and B are symmetric matrices of the same order, then $(AB' - BA')$ is a

(A) symmetric matrix
(B) null matrix
(C) diagonal matrix
(D) skew symmetric matrix

4. The inverse of matrix $A = \begin{bmatrix} 4 & -1 \\ 2 & 1 \end{bmatrix}$ is

(A) $\frac{1}{6}\begin{bmatrix} -4 & 2 \\ -1 & -1 \end{bmatrix}$
(B) $\begin{bmatrix} 1/3 & 1/6 \\ 2/3 & -1/6 \end{bmatrix}$
(C) $\begin{bmatrix} 1/6 & 1/6 \\ -1/3 & 2/3 \end{bmatrix}$
(D) $\begin{bmatrix} -2/3 & 1/6 \\ -1/3 & -1/6 \end{bmatrix}$

5. If $\begin{vmatrix} 2x & 5 \\ 4 & x \end{vmatrix} = \begin{vmatrix} 3 & 5 \\ 4 & 6 \end{vmatrix}$, then the value of $x$ is

(A) $3/2$
(B) 6
(C) 3
(D) $\pm 3$

6. The slope of the normal to the curve $y = \frac{x-3}{x-4}$ at $x = 6$ is

(A) 4
(B) $-\frac{1}{4}$
(C) $-4$
(D) $\frac{1}{4}$

7. The rate of change of population P(t) with respect to time (t), where $\alpha$, $\beta$ are the constant birth and death rates, respectively, is

(A) $\frac{dP}{dt} = (\alpha + \beta)P$
(B) $\frac{dP}{dt} = (\alpha - \beta)P$
(C) $\frac{dP}{dt} = \frac{\alpha + \beta}{P}$
(D) $\frac{dP}{dt} = \frac{\alpha - \beta}{P}$

8. पासों के एक जोड़े को दो बार उछाला गया । यदि प्राप्त हुए द्विकों की संख्या X से दर्शाती है, तो X की प्रत्याशा है :

(A) $\frac{1}{6}$ (B) 1

(C) $\frac{1}{3}$ (D) $\frac{11}{36}$

9. t-बंटन का माध्य है :

(A) 0 (B) 1

(C) 2 (D) अपरिभाषित

10. जलवायु, त्योहारों अथवा मौसम में परिवर्तन के कारण होने वाले बदलावों को कहा जाता है :

(A) धर्म–निरपेक्ष बदलाव (B) चक्रीय बदलाव

(C) मौसमी परिवर्तन (D) अनियमित बदलाव

11. एक LPP में, अवरोधों $x + y \leq 40$, $x + 2y \leq 60$, $x, y \geq 0$ के अंतर्गत $z = 3x + 4y$ का अधिकतम मान है :

(A) 120 (B) 140

(C) 150 (D) 130

12. प्रत्येक वर्ष के अंत में किए जाने वाले तथा हमेशा के लिए जारी रहने वाले ₹ 100 के भुगतानों के अनुक्रम का वर्तमान मूल्य, यदि धन का मूल्य 5% वार्षिक, चक्रवृद्धि ब्याज से संयोजित होता है, है :

(A) ₹ 2,000 (B) ₹ 20,000

(C) ₹ 5,000 (D) ₹ 12,000

13. एक एकाधिकारवादी का माँग फलन $p = 30 + 5x - 3x^2$ द्वारा प्रदत्त है, जहाँ $x$, माँग किए गए नगों की संख्या दर्शाता है तथा p एक नग का मूल्य है । 2 नगों की बिक्री पर सीमांत राजस्व है :

(A) ₹ 28 (B) ₹ 23

(C) ₹ 1 (D) ₹ 14



~

8. A pair of dice is thrown two times. If X represents the number of doublets obtained, then the expectation of X is

(A) $\frac{1}{6}$ (B) 1

(C) $\frac{1}{3}$ (D) $\frac{11}{36}$

9. The mean of t-distribution is

(A) 0 (B) 1

(C) 2 (D) not defined

10. The variations which occur due to change in climate, festivals or weather conditions are known as

(A) secular variations (B) cyclic variations

(C) seasonal variations (D) irregular variations

11. In a LPP, the maximum value of $z = 3x + 4y$ subject to the constraints $x + y \leq 40$, $x + 2y \leq 60$, $x, y \geq 0$ is

(A) 120 (B) 140

(C) 150 (D) 130

12. The present value of a sequence of payments of ₹ 100 made at the end of every year and continuing forever, if the money is worth 5% compounded annually, is

(A) ₹ 2,000 (B) ₹ 20,000

(C) ₹ 5,000 (D) ₹ 12,000

13. The demand function of a monopolist is given by $p = 30 + 5x - 3x^2$, where $x$ is the number of units demanded and p is the price per unit. The marginal revenue when 2 units are sold, is

(A) ₹ 28 (B) ₹ 23

(C) ₹ 1 (D) ₹ 14

14. यदि $x$ वस्तुओं का लागत फलन तथा राजस्व फलन क्रमशः $C(x) = 100 + 0.015\,x^2$ तथा $R(x) = 3x$ हैं, तो अधिकतम लाभ के लिए, $x$ का मान है :

(A) 50
(B) 100
(C) 150
(D) 200

15. यदि यादृच्छिक चर X का प्रायिकता बंटन है

$$P(X = x) = \begin{cases} k, & \text{यदि } x = 0 \\ 2k, & \text{यदि } x = 1 \text{ या } 2 \\ 0, & \text{अन्यथा} \end{cases},$$

तो k का मान है :

(A) $\frac{1}{3}$
(B) $\frac{1}{5}$
(C) $\frac{1}{6}$
(D) $\frac{1}{4}$

16. दो स्वतंत्र नमूनों के बीच अंतर के महत्त्व का परीक्षण करने के लिए, परीक्षण आँकड़ा t द्वारा दिया जाता है :

(A) $t = \frac{\overline{x} - \overline{y}}{\sqrt{s}}$
(B) $t = \frac{\overline{x} - \overline{y}}{s\sqrt{\frac{1}{n_1} + \frac{1}{n_2}}}$
(C) $t = \frac{\overline{x} - \overline{y}}{\frac{s}{\sqrt{n-1}}}$
(D) $t = \frac{\overline{x} - \overline{y}}{s\sqrt{\frac{1}{n_1} - \frac{1}{n_2}}}$

17. अर्धवार्षिक रूप से संयोजित 4% की नाममात्र दर के समतुल्य प्रभावी ब्याज दर है :

(A) 4.12%
(B) 4.04%
(C) 4.08%
(D) 4.14%


~

14. If the cost function and revenue function of $x$ items are respectively given as $C(x) = 100 + 0.015\, x^2$, $R(x) = 3x$, then the value of $x$ for maximum profit is

(A) 50
(B) 100
(C) 150
(D) 200

15. If a random variable X has the probability distribution

$$P(X = x) = \begin{cases} k, & \text{if } \; x = 0 \\ 2k, & \text{if } \; x = 1 \text{ or } 2 \\ 0, & \text{otherwise,} \end{cases}$$

then the value of k is

(A) $\frac{1}{3}$
(B) $\frac{1}{5}$
(C) $\frac{1}{6}$
(D) $\frac{1}{4}$

16. The test statistic t for testing the significance of differences between the means of two independent samples is given by

(A) $t = \frac{\bar{x} - \bar{y}}{\sqrt{s}}$
(B) $t = \frac{\bar{x} - \bar{y}}{s\sqrt{\frac{1}{n_1} + \frac{1}{n_2}}}$
(C) $t = \frac{\bar{x} - \bar{y}}{\frac{s}{\sqrt{n-1}}}$
(D) $t = \frac{\bar{x} + \bar{y}}{s\sqrt{\frac{1}{n_1} - \frac{1}{n_2}}}$

17. The effective rate of interest equivalent to a nominal rate of 4% compounded semi-annually, is

(A) 4.12%
(B) 4.04%
(C) 4.08%
(D) 4.14%

18. एक निवेश, जिसका प्रारंभिक मूल्य ₹ 5,000 है और यह 4 वर्षों में ₹ 25,000 तक बढ़ जाता है, का CAGR है : [दिया है $(5)^{0.25} = 1.4953$]

(A) 49.53% (B) 14.95%

(C) 495.3% (D) 1.49%

प्रश्न संख्या **19** और **20** अभिकथन एवं तर्क आधारित प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न का **1** अंक है । दो कथन दिए गए हैं जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को तर्क (R) द्वारा अंकित किया गया है । इन प्रश्नों के सही उत्तर नीचे दिए गए कोडों (A), (B), (C) और (D) में से चुनकर दीजिए ।

(A) अभिकथन (A) और तर्क (R) दोनों सही हैं और तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(B) अभिकथन (A) और तर्क (R) दोनों सही हैं, परन्तु तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है ।

(C) अभिकथन (A) सही है, परन्तु तर्क (R) गलत है ।

(D) अभिकथन (A) गलत है, परन्तु तर्क (R) सही है ।

19. **अभिकथन (A) :** रेखा $y - 1 = x$, $x$-अक्ष तथा रेखाओं $x = -1$ और $x = 1$ के बीच घिरे क्षेत्र का क्षेत्रफल 2 वर्ग इकाई है ।

**तर्क (R) :** वक्र $y = f(x)$, $x$-अक्ष तथा रेखाओं $x = a$ तथा $x = b$ के बीच घिरे क्षेत्र का क्षेत्रफल $\int_a^b f(x)\, dx$ होता है ।

20. **अभिकथन (A) :** वक्र कुल $y = mx$, m एक स्वेच्छ स्थिरांक है, को निरूपित करने वाला अवकल समीकरण है, $x\frac{dy}{dx} - y = 0$ है ।

**तर्क (R) :** किन्हीं वक्रों के कुल के लिए अवकल समीकरण प्राप्त करने के लिए वक्र कुल के समीकरण को $x$ के सापेक्ष अवकलित करने के बाद, उसमें स्थित स्वेच्छ स्थिरांक का विलोपन किया जाता है ।

18. The CAGR of an investment, whose starting value is ₹ 5,000 and it grows to ₹ 25,000 in 4 years, is : [Given $(5)^{0.25} = 1.4953$]

(A) 49.53% (B) 14.95%

(C) 495.3% (D) 1.49%

Questions number **19** and **20** are Assertion – Reason based questions of **1** mark each. Two statements are given – one labelled Assertion (A) and other labelled Reason (R). Select the correct answer to these questions from the codes (A), (B), (C) and (D) as given below :

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is not correct explanation for Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

19. **Assertion (A)** : The area of the region bounded by the line $y - 1 = x$, the $x$-axis and the ordinates $x = -1$ and $x = 1$ is 2 square units.

**Reason (R)** : The area of the region bounded by the curve $y = f(x)$, the $x$-axis and the ordinates $x = a$ and $x = b$ is given by $\int_a^b f(x)\, dx$.

20. **Assertion (A)** : The differential equation representing the family of curves $y = mx$, m being an arbitrary constant, is $x\frac{dy}{dx} - y = 0$.

**Reason (R)** : For a family of curves, the differential equation is obtained by differentiating the equation of family of curves with respect to $x$ and then eliminating the arbitrary constant, if any.

## खण्ड – ख

प्रश्न संख्या **21** से **25** तक अति लघु–उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक के **2** अंक हैं ।

21. (a) टाइप I चीनी का मूल्य ₹ 25 प्रति किलो तथा टाइप II चीनी का मूल्य ₹ 35 प्रति किलो है । यदि टाइप I चीनी तथा टाइप II चीनी को 3:2 में मिलाया जाए, तो मिश्रण का प्रति किलो मूल्य ज्ञात कीजिए ।

**अथवा**

(b) पाइप A एक टैंक को 1 घंटे में भर सकता है जबकि पाइप B इसी टैंक को 1½ घंटों में भर सकता है । यदि खाली टैंक में दोनों पाइपों को एक साथ खोल दिया जाए, तो टैंक को भरने में कितना समय लगेगा ?

22. एक बोट 3.5 km धारा की प्रतिकूल दिशा में जाकर वापिस उसी स्थान पर आती है तथा इसमें कुल 1 घंटा 12 मिनट का समय लगता है । यदि धारा की चाल 1 km/h है, तो शांत जल में बोट की चाल ज्ञात कीजिए ।

23. खिलाड़ी A, खिलाड़ी B से $\frac{3}{2}$ गुना तेज भाग सकता है । यदि खिलाड़ी A, खिलाड़ी B को 40 m की बढ़त देता है, तो शुरुआती बिंदु से विजयी पोस्ट कितना दूर होना चाहिए ताकि A और B एक ही समय पर वहाँ पहुँचे ?

24. दिया है $A = \begin{bmatrix} 2 & 0 & 1 \\ 3 & 4 & 5 \\ 0 & 2 & 3 \end{bmatrix}$ तथा $B = \begin{bmatrix} 1 & 1 & -5 \\ -5 & 1 & -5 \\ 1 & -2 & 4 \end{bmatrix}$, तो BA ज्ञात कीजिए ।

25. (a) एक निष्पक्ष सिक्का 6 बार उछाला गया । कम से कम 4 बार चित आने की प्रायिकता ज्ञात कीजिए ।

**अथवा**

(b) दिया है कि एक नॉर्मल चर X का माध्य 9 है तथा मानक विचलन 3 है, तो ज्ञात कीजिए :

(i) आँकड़ों के बिंदु 15 का z-स्कोर

(ii) z-स्कोर 4 वाले आँकड़ों का बिंदु

## SECTION – B

Questions Number **21** to **25** are Very Short Answer (VSA) type questions of **2** marks each.

21. (a) The cost of Type I sugar is ₹ 25 per kg and Type II sugar is ₹ 35 per kg. If both Type I sugar and Type II sugar are mixed in the ratio 3:2, find the price per kg of the mixture.

**OR**

(b) Pipe A can fill a tank in 1 hour and Pipe B can fill it in 1½ hours. If both the pipes are opened in the empty tank, how much time will they take to fill the tank ?

22. A boat goes 3.5 km upstream and then returns. Total time taken is 1 hour and 12 minutes. If the speed of the current is 1 km/h, then find the speed of the boat in still water.

23. A runs $\frac{3}{2}$ times as fast as B. If A gives B a start of 40 m, how far must the winning post from the starting point be, so that A and B reach at the same time ?

24. Given $A = \begin{bmatrix} 2 & 0 & 1 \\ 3 & 4 & 5 \\ 0 & 2 & 3 \end{bmatrix}$ and $B = \begin{bmatrix} 1 & 1 & -5 \\ -5 & 1 & -5 \\ 1 & -2 & 4 \end{bmatrix}$, find BA.

25. (a) If a fair coin is tossed 6 times, find the probability of getting atleast 4 heads.

**OR**

(b) Given that mean of a normal variate X is 9 and standard deviation is 3, then find :

(i) the z-score of the data point 15

(ii) the data point if its z-score is 4.

## खण्ड – ग

प्रश्न संख्या **26** से **31** तक लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **3** अंक हैं।

26. $7^{295}$ का इकाई का अंक ज्ञात कीजिए।

27. प्रथम छः धन पूर्णांकों में से दो संख्याएँ यादृच्छया (बिना प्रतिस्थापन) चुनी गईं। मान लें X प्राप्त दोनों संख्याओं में से छोटी संख्या को व्यक्त करता है। E(X) ज्ञात कीजिए।

28. (a) यदि एक द्विघात बंटन का माध्य तथा प्रसरण क्रमशः $\frac{4}{3}$ तथा $\frac{8}{9}$ हैं, तो $P(x = 1)$ ज्ञात कीजिए।

**अथवा**

(b) किसी बीमारी की मृत्यु दर 0.007 है। प्वासों बंटन के प्रयोग से, 400 लोगों के समूह में 2 मृत्यु होने की प्रायिकता ज्ञात कीजिए। [$e^{-2.8} = 0.0608$ का प्रयोग कीजिए]

29. (a) दो प्रकार के उर्वरक $F_1$ तथा $F_2$ हैं। $F_1$ में 10% नाइट्रोजन और 6% फॉस्फोरिक अम्ल है तथा $F_2$ में 5% नाइट्रोजन तथा 10% फॉस्फोरिक अम्ल है। मिट्टी का परीक्षण करने के पश्चात् एक किसान पाता है कि उसे अपनी फसल के लिए 14 kg नाइट्रोजन तथा 14 kg फॉस्फोरिक अम्ल की आवश्यकता है। यदि $F_1$ का मूल्य ₹ 6 प्रति किलो और $F_2$ का मूल्य ₹ 5 प्रति किलो है, तो प्रत्येक प्रकार का कितना उर्वरक उपयोग करना चाहिए ताकि न्यूनतम मूल्य पर वांछित पोषक-तत्त्व मिल सकें ? इसके लिए रैखिक प्रोग्रामन समस्या का निर्माण कीजिए।

**अथवा**

(b) निम्न रैखिक प्रोग्रामन समस्या का ग्राफ द्वारा हल ज्ञात कीजिए :

व्यवरोधों $2x + y \leq 18$

$3x + 2y \leq 34$

$x, y \geq 0$

के अंतर्गत $z = 50x + 30y$ का अधिकतमीकरण करना।

## SECTION – C

Questions Number **26** to **31** are Short Answer (SA) type questions of **3** marks each.

26. Find the units digit in $7^{295}$.

27. Two numbers are selected at random (without replacement) from first six positive integers. Let X denotes the smaller of the two numbers obtained. Calculate the mathematical expectation of X.

28. (a) If the mean and variance of a binomial distribution are $\frac{4}{3}$ and $\frac{8}{9}$ respectively, then find $P(x = 1)$.

**OR**

(b) The mortality rate for a certain disease is 0.007. Using Poisson distribution, calculate the probability for 2 deaths in a group of 400 people. [Use $e^{-2.8} = 0.0608$]

29. (a) There are two types of fertilizers $F_1$ and $F_2$. $F_1$ consists of 10% nitrogen and 6% phosphoric acid. $F_2$ consists of 5% nitrogen and 10% phosphoric acid. After testing the soil conditions, a farmer finds that he needs atleast 14 kg of nitrogen and 14 kg of phosphoric acid for his crop. If $F_1$ costs ₹ 6 per kg and $F_2$ costs ₹ 5 per kg, how much of each type of fertilizer should be used so that the cost is minimum. Formulate a linear programming problem.

**OR**

(b) Solve the following linear programming problem graphically :

Maximise $z = 50x + 30y$

subject to $2x + y \leq 18$

$3x + 2y \leq 34$

$x, y \geq 0.$

30. एक मशीन बनाने वाला इंजन के पुर्जे बना रहा है जिसमें वह 0.7 cm व्यास का एक्सल बनाता है। 10 पुर्जों के एक यादृच्छय नमूने का माध्य व्यास 0.742 cm तथा मानक विचलन 0.04 cm पाया जाता है। इस नमूने के आधार पर ज्ञात कीजिए कि क्या यह कार्य घटिया प्रकार का है।

(दिया है $t_9\ (0.05) = 2.262$)

31. ₹ 5,00,000 के एक ऋण के लिए 7.5% वार्षिक ब्याज दर पर 5 वर्षों के लिए, फ्लैट रेट प्रणाली से EMI ज्ञात कीजिए।

## खण्ड – घ

प्रश्न संख्या **32** से **35** तक दीर्घ उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक हैं।

32. (a) यदि $A = \begin{bmatrix} 2 & -3 & 5 \\ 3 & 2 & -4 \\ 1 & 1 & -2 \end{bmatrix}$ है, तो $A^{-1}$ ज्ञात कीजिए। अत: निम्न रैखिक समीकरण निकाय का हल ज्ञात कीजिए।

$$2x - 3y + 5z = 11,\ 3x + 2y - 4z = -5,\ x + y - 2z = -3$$

**अथवा**

(b) सारणिकों के गुणधर्मों के प्रयोग से सिद्ध कीजिए कि

$$\Delta = \begin{vmatrix} (b+c)^2 & a^2 & a^2 \\ b^2 & (c+a)^2 & b^2 \\ c^2 & c^2 & (a+b)^2 \end{vmatrix} = 2\ abc\ (a + b + c)^3$$

33. यदि आपूर्ति फलन $p = 4 - 5x + x^2$ है, तो उत्पादक-अधिशेष ज्ञात कीजिए जब कीमत 18 है।

30. A machinist is making engine parts with axle diameter of 0.7 cm. A random sample of 10 parts shows mean diameter 0.742 cm with a standard deviation of 0.04 cm. On the basis of this sample, find if you would say that the work is inferior. (Given $t_9$ (0.05) = 2.262)

31. Calculate EMI under Flat-Rate System for a loan of ₹ 5,00,000 with 7.5% annual interest rate for 5 years.

## SECTION – D

Questions number **32** to **35** are Long Answer (LA) type questions of **5** marks each.

32. (a) If $A = \begin{bmatrix} 2 & -3 & 5 \\ 3 & 2 & -4 \\ 1 & 1 & -2 \end{bmatrix}$, find $A^{-1}$ and hence solve the following system of linear equations :

$2x - 3y + 5z = 11,\ 3x + 2y - 4z = -5,\ x + y - 2z = -3$

**OR**

(b) Using properties of determinants, prove that

$$\Delta = \begin{vmatrix} (b+c)^2 & a^2 & a^2 \\ b^2 & (c+a)^2 & b^2 \\ c^2 & c^2 & (a+b)^2 \end{vmatrix} = 2\,abc\,(a+b+c)^3$$

33. If the supply function is $p = 4 - 5x + x^2$, then find the producer's surplus when price is 18.

34. (a) कागज के उत्पादन के दिए गए आँकड़ों (हजार टन में) से 4-वर्षीय चल औसत द्वारा मौसमी सूचकांकों की गणना कीजिए :

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **वर्ष :** | 2001 | 2002 | 2003 | 2004 | 2005 | 2006 | 2007 | 2008 | 2009 | 2010 |
| **सूचकांक :** | 2450 | 1470 | 2150 | 1800 | 1210 | 1950 | 2300 | 2500 | 2480 | 2680 |

**अथवा**

(b) निम्नलिखित आँकड़ों के लिए न्यूनतम वर्ग विधि द्वारा एक सीधी रेखा प्रवृत्ति फिट कीजिए :

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **वर्ष :** | 2011 | 2012 | 2013 | 2014 | 2015 | 2016 |
| **उत्पादन (टनों में) :** | 210 | 225 | 275 | 220 | 240 | 235 |

35. एक मशीन का मूल्य ₹ 1,00,000 है तथा इसका प्रभावी जीवन 12 वर्ष होने का अनुमान है । मशीन के जीवन काल के अंत में, जब इसके स्क्रैप की कीमत केवल ₹ 5,000 होती है, इसे नए मॉडल से बदलने के लिए एक सिंकिंग फंड बनाया जाता है । ज्ञात कीजिए कि प्रति वर्ष लाभ में से कितनी राशि अलग रखी जाए यदि सिंकिंग फंड 5% प्रभावी स्तर पर संचित होता है ।


[$(1.05)^{12} = 1.7958$ का प्रयोग कीजिए ।]

**खण्ड – ङ**

प्रश्न संख्या **36** से **38** तक प्रकरण अध्ययन आधारित प्रश्न हैं तथा प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है ।

36. एक व्यक्ति के पास एक 36 cm भुजा का वर्गाकार सोने का महँगा बोर्ड है । वह इससे चारों कोनों से एक-एक वर्ग काट कर तथा किनारों को मोड़कर एक ऊपर से खुले बक्से में बदलना चाहता है । माना किनारों से काटे गए प्रत्येक वर्ग की भुजा $x$ cm है ।

36 cm




$x$ cm

34. (a) Compute the seasonal indices by 4-year moving averages from the given data of production of paper (in thousand tons) :

| **Year :** | 2001 | 2002 | 2003 | 2004 | 2005 | 2006 | 2007 | 2008 | 2009 | 2010 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **Index number :** | 2450 | 1470 | 2150 | 1800 | 1210 | 1950 | 2300 | 2500 | 2480 | 2680 |

**OR**

(b) Fit a straight-line trend by method of least squares for the following data :

| **Year :** | 2011 | 2012 | 2013 | 2014 | 2015 | 2016 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Production (in tons) :** | 210 | 225 | 275 | 220 | 240 | 235 |


35. A machine costs ₹ 1,00,000 and its effective life is estimated to be 12 years. A sinking fund is created for replacing the machine by a new model at the end of its life time when its scrap realizes a sum of ₹ 5,000 only. Find what amount should be set aside at the end of each year, out of the profits for the sinking fund if it accumulates at 5% effective.

[Use $(1.05)^{12} = 1.7958$]

## SECTION – E

Questions number **36** to **38** are case-study based questions of **4** marks each.

36. A man has an expensive square-shaped piece of golden board of side 36 cm. He wants to turn it into a box without top by cutting a square from each corner and folding the flaps. Let $x$ cm be the side of square, which is cut from each corner.



उपरोक्त जानकारी के आधार पर, निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) $x$ के पदों में खुले बक्से के आयतन (V) के लिए व्यंजक ज्ञात कीजिए ।

(ii) $\frac{dV}{dx}$ ज्ञात कीजिए ।

(iii) $x$ का वह मान ज्ञात कीजिए जिसके लिए आयतन (V) अधिकतम हो ।

**अथवा**

(iii) खुले बॉक्स का अधिकतम आयतन ज्ञात कीजिए ।


37. दो कारखाने P और Q पर स्थित हैं । इन स्थानों से सामान A, B और C पर स्थित तीन डिपों में भेजे जाने हैं जिनकी साप्ताहिक आवश्यकता क्रमश: 4, 4, 6 नग की है, जबकि P और Q कारखानों की उत्पादन क्षमता क्रमशः 9 और 5 नग हैं ।

प्रति नग परिवहन व्यय निम्न प्रकार है :

| **से / को** | **मूल्य (₹ में)** | | |
|---|---|---|---|
| | A | B | C |
| P | 160 | 100 | 150 |
| Q | 100 | 120 | 100 |

उपरोक्त जानकारी के आधार पर, निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

माना कि माल के $x$ नग और y नग कारखाना P से क्रमश: डिपों A तथा B को भेजे गए, तो



Based on the above information, answer the following questions :

(i) Find the expression for the volume (V) of open box in terms of $x$.

(ii) Find $\frac{dV}{dx}$.

(iii) Find the value of $x$ for which the volume (V) is maximum.

**OR**


(iii) Find the maximum volume of the open box.

37. There are two factories located one at P and the other at Q. From these locations, a certain commodity is to be delivered to each of the three depots situated at A, B and C. The weekly requirements of the depots are respectively 4, 4 and 6 units of the commodity while the production capacity of the factories at P and Q are 9 and 5 units respectively. The cost of transportation per unit is given as :

| **From / To** | **Cost (in ₹)** | | |
|---|---|---|---|
| | A | B | C |
| P | 160 | 100 | 150 |
| Q | 100 | 120 | 100 |

Based on the above information, answer the following questions :

Let $x$ units and y units of the commodity be transported from factory P to the depots at A and B respectively, then



(i) ज्ञात कीजिए कि P से C को ($x$ तथा y के पदों में) कितने नग भेजे गए ।

(ii) ज्ञात कीजिए कि Q से क्रमश: A, B तथा C को कितने नग भेजे गए ।

(iii) भाग (i) तथा (ii) के प्रयोग से, कुल परिवहन लागत z ज्ञात कीजिए ।

**अथवा**

(iii) (i) तथा (ii) के प्रयोग से, न्यूनतम लागत z के लिए व्यवरोध असमिकाएँ ज्ञात कीजिए ।

38. रमेश ने एक बैंक से गृह ऋण के रूप में ₹ 7,00,000, 12% वार्षिक ब्याज दर पर 30 वर्षों के लिए प्राप्त किए जिसे मासिक किश्तों में वापिस करना है ।

उपरोक्त जानकारी के आधार पर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) घटती शेष राशि विधि द्वारा, EMI की गणना करने का सूत्र लिखिए ।

(ii) P, i तथा n के क्रमश: मान लिखिए ।

(iii) EMI ज्ञात कीजिए । [ $(1.01)^{-360} = 0.02781668$ लीजिए ]

**अथवा**

(iii) यदि ऋण की राशि को 20 वर्षों में लौटाना हो, तो EMI ज्ञात कीजिए ।

[ $(1.01)^{-240} = 0.09180584$ लीजिए]

(i) Find (in terms of $x$ and y) how many units of commodity be transported from factory P to depot C.

(ii) Find how many units of commodity be transported from factory Q to A, B and C respectively.

(iii) Using (i) and (ii), find the total transportation cost z.

**OR**

(iii) Using (i) and (ii), find the constraint inequalities for minimum cost z.

38. Ramesh borrowed a home loan amount of ₹ 7,00,000 from a bank at an interest of 12% per annum for 30 years, to be paid in monthly installments.

Based on the above information, answer the following questions :

(i) Write the formula for calculating EMI by reducing balance method.

(ii) Write the values of P, i and n respectively.

(iii) Find the EMI. [Use $(1.01)^{-360} = 0.02781668$]

**OR**

(iii) If the loan is to be returned in 20 years, find EMI.

[Use $(1.01)^{-240} = 0.09180584$]